- विपरीत अर्थों में प्रयुक्त होने वाले शब्दों को विलोम या विपरीतार्थक शब्द कहते हैं। विपरीतार्थक शब्द हमेशा सजातीय ही होते हैं, जैसे- संज्ञा का विलोम संज्ञा, सर्वनाम का विलोम सर्वनाम, विशेषण का विलोम विशेषण, क्रिया का विलोम क्रिया और क्रिया विशेषण का विलोम क्रिया विशेषण ही होता है। प्रश्न में दिए गए शब्दों का विलोम की दृष्टि से सही सुमेलन इस प्रकार है।

| शब्द | | विलोम शब्द |
|---|---|---|
| सज्जन | - | शठ, दुर्जन, खल |
| स्थैर्य | - | अस्थैर्य |
| ह्रस्व | - | दीर्घ |
| वर्णनीय | - | वर्णनातीत, अवर्णनीय |

- इस प्रकार, विकल्प (a) सही है।

**10. उत्तर : (a)**

**व्याख्या :**

- जिन शब्दों से काम करने या होने का बोध होता है, उन्हें क्रिया कहा जाता है। कर्म के आधार पर क्रिया के दो भेद होते हैं-
  - **अकर्मक क्रिया :** जिन क्रियाओं के प्रयोग में कर्म की आवश्यकता नहीं होती है, उन्हें अकर्मक क्रिया कहा जाता है। जैसे- वह खेल रहा है।, लड़की हँस रही है।
  - **सकर्मक क्रिया :** ऐसी क्रियाएँ जिनमें कर्म की अपेक्षा रहती है, उन्हें सकर्मक क्रिया कहा जाता है। जैसे- वह फुटबॉल खेल रहा है। लड़की पुस्तक पढ़ रही है।
- 'नौकरानी पानी भरती है।' इस वाक्य में कर्म उपस्थित है, इसलिए यहाँ 'भरना' सकर्मक क्रिया है; जबकि अन्य सभी में कर्म अनुपस्थित है, इसलिए वे अकर्मक क्रिया हैं।
- इस प्रकार, विकल्प (a) सही है।

**11. उत्तर : (c)**

**व्याख्या :**

- **यण् संधि :** कुछ स्वर आपस में संधि करने पर किसी स्वर में बदलने की बजाय य् ल् व् व्यंजनों में बदल जाते हैं। संस्कृत व्याकरण में य् र् ल् व् व्यंजन वर्ग को यण् कहा गया है। अतः जिस संधि का परिणाम य् र् ल् व् (यण्) होता है, उसे यण् संधि कहा गया है।

  उदाहरण -
  - मधु + अरि = मध्वरि (उ + अ = व)
- **गुण स्वर संधि :** संस्कृत व्याकरण में ए और ओ को गुण स्वर कहते हैं। अतः जिस संधि का परिणाम ए और ओ गुण स्वर होता है, उसे गुण स्वर संधि कहते हैं।

  उदाहरण -
  - अंत्य + इष्टि (यज्ञ) = अंत्येष्टि (अ + इ = ए)
  - महा + उदय = महोदय (आ + उ = ओ)
- **वृद्धि स्वर संधि :** जब अ आ के बाद ए ऐ आए तो ऐ तथा अ आ के बाद ओ औ आए तो औ हो जाता है। ऐ तथा औ स्वर वृद्धि स्वर कहलाते हैं, अतः यह संधि, वृद्धि स्वर संधि कहलाती है।

  उदाहरण - एक + एक = एकैक
- इस प्रकार, विकल्प (c) सही है।

**12. उत्तर : (d)**

**व्याख्या :**

- **यण् संधि :** कुछ स्वर आपस में संधि करने पर किसी स्वर में बदलने की बजाय य् ल् व् व्यंजनों में बदल जाते हैं। संस्कृत व्याकरण में य् ल् व् व्यंजन वर्ग को यण् कहा गया है। अतः जिस संधि का परिणाम य् ल् व् (यण्) होता है, उसे यण् संधि कहा गया है। उदाहरण –
  - नदी + अर्पण (भेंट) = नदयर्पण (ई + अ = य)
- **दीर्घ स्वर संधि :** जब एक ही स्वर के दो रूप ह्रस्व (अ, इ, उ) और दीर्घ (आ, ई, ऊ) एक-दूसरे के बाद आ जाएँ तो दोनों मिलकर उसी स्वर का दीर्घ वाला स्वर (अर्थात् आ, ई, ऊ) हो जाता है। उदाहरण–
  - भय + आक्रांत (पीड़ित) = भयाक्रांत (अ + आ = आ)
- इस प्रकार, विकल्प (d) सही है।

**13. उत्तर : (c)**

**व्याख्या :**

- **सर्वनाम :** जो शब्द संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होते हैं, उन्हें सर्वनाम कहते हैं। उदाहरणार्थ- मैं, तुम, वह, यह, आप, कौन, कोई, इसका, उसका, तुम्हारा, हमारा और आपका आदि सर्वनाम हैं।
- **पुरुषवाचक सर्वनाम :** पुरुषवाचक सर्वनाम पुरुषों के नाम के बदले आते हैं। 'पुरुषवाचक' से पुरुष और स्त्री दोनों का बोध होता है; जैसे- मैं, हम, तू, आप, ये, वे, वह।
- **निश्चयवाचक सर्वनाम :** निश्चयवाचक सर्वनाम से पास या दूर की वस्तु का निश्चित बोध होता है; जैसे- यह अच्छा है। वह बुरा है। ये अच्छे हैं।



Copyright @ Sanskriti IAS

WWW.PDFNOTES.CO

- **निजवाचक सर्वनाम :** निजवाचक सर्वनाम 'आप' कर्ता के विषय में कुछ बताता है, पर वह स्वयं कर्ता नहीं होता है। जैसे – मैं यह काम आप ही कर लूंगा।
- **अनिश्चयवाचक सर्वनाम :** जो सर्वनाम किसी ऐसे व्यक्ति या पदार्थ का बोध कराए जिसका कोई पता-ठिकाना ज्ञात न हो, अर्थात् जिस सर्वनाम से किसी व्यक्ति या पदार्थ का निश्चित बोध न हो, उसे अनिश्चयवाचक सर्वनाम कहते हैं। जैसे- 'कोई आया था', 'घर में कुछ नहीं है', 'कुछ दे दो'।
- इस प्रकार, विकल्प (c) सही है।

**14. उत्तर : (b)**

**व्याख्या :**

- **तद्भव :** तद्भव दो शब्दों के संयोजन से बना है- 'तत्' और 'भव' जहाँ 'तत्' का अर्थ है 'उससे' एवं 'भव' का अर्थ है 'उत्पन्न'। इस प्रकार, तद्भव शब्द का अर्थ होगा – 'उससे (संस्कृत से) उत्पन्न', अर्थात ऐसे शब्द जो संस्कृत शब्दों से उत्पन्न हुए हैं वे 'तद्भव' कहलाते हैं। जैसे- अग्नि से आग शब्द की उत्पत्ति, चतुर्दश से चौदह शब्द की उत्पत्ति।
- **तत्सम :** तत्सम दो शब्दों 'तत्' और 'सम' से मिलकर बना है, जिसका अर्थ होता है- उसके समान, अर्थात् संस्कृत के समान। जिन शब्दों को संस्कृत से बिना किसी परिवर्तन अथवा बदलाव के हिंदी में उपयोग किया जाता है, उन्हें तत्सम शब्द कहते हैं।

| **तत्सम** | | **तद्भव** |
|---|---|---|
| स्कम्भ | – | खम्भा |
| कूष्माण्ड | – | कुम्हड़ा |
| क्वाथ | – | काढ़ा |
| चौरिका | – | चोरी |

- इस प्रकार, विकल्प (b) सही है।

**15. उत्तर : (d)**

**व्याख्या :**

- 'लोकोक्ति' शब्द 'लोक' और 'उक्ति' शब्दों से मिलकर बना है जिसका अर्थ है- लोक में प्रचलित उक्ति या कथन। जब कोई पूरा कथन किसी प्रसंग विशेष में उद्धत किया जाता है तो 'लोकोक्ति' कहलाता है। लोकोक्ति पूर्ण होती है, जबकि मुहावरा वाक्यांश होता है।
- 'जिन खोजा तिन पाइयाँ, गहरे पानी पैठ' लोकोक्ति का सही अर्थ 'जितना कठिन परिश्रम उतना लाभ' है।
- इस प्रकार, विकल्प (d) सही है।

**16. उत्तर : (c)**

**व्याख्या :**

- **तालव्य :** इ ई (जीभ के तालु के पास जाने से उच्चरित)
- **तालुकंठ्य (कंठ-तालु) :** ए ऐ (जीभ तालु पर, ध्वनि कंठ से)
- **कोमल तालव्य/कंठ्य :** अ आ ऑ। कंठ से ऊपर कोमल तालु स्थान से बोले थे, इसलिए कंठ्य कोमल तालव्य हो गए हैं। संस्कृत में अ आ कंठ से बोले जाते थे, इसलिए कंठ्य माने गए हैं, किंतु हिंदी में अब ये ओष्ठ्य- उ ऊ (दोनों होंठों के गोल होने से, वहीं से उच्चरित)
- **ओष्ठ-कंठ्य :** ओ औ (होंठ तो गोल किंतु ध्वनि कंठ से)
- इस प्रकार, विकल्प (c) सही है।

**17. उत्तर : (a)**

**व्याख्या :**

- **कन्दरा :** गुफा, गुहा, खोह, दरी, गह्वर, माँद, विवर
- **गंगा :** भागीरथी, जाह्नवी, त्रिपथगा, सुरसरि, देवापगा, देवनदी, देवसरि, देवधुनी, मन्दाकिनी, अलकनन्दा, विष्णुपदी, सुरधुनी, ध्रुवनन्दा, सुरसरित, नदीश्वरी
- **गरुड़ :** वैनतेय, खगेश, सर्पारि, हरियान, नागांतक, द्विजराज, खगेश्वर, सुपर्ण, वातनेय, पन्नगारि, उरगारि
- **गीदड़ :** सियार, शृगाल, जम्बुक
- इस प्रकार, विकल्प (a) सही है।

**18. उत्तर : (b)**

**व्याख्या :**

- उपचार या ऊपरी दिखावे के रूप में होने वाला – औपचारिक
- जिसका संबंध उपनिवेश से है – औपनिवेशिक
- जिसका संबंध उपन्यास से हो – औपन्यासिक
- अपनी विवाहिता पत्नी से उत्पन्न (पुत्र) – औरस
- इस प्रकार, विकल्प (b) सही है।

**19. उत्तर : (c)**

**व्याख्या :**

- सारे शरीर की हड्डियों का ढाँचा – कंकाल
- काँटों या बाधाओं से भरा हुआ – कंटकाकीर्ण
- जो कहा गया है – कथित
- पद, वय आदि के विचार से औरों की अपेक्षा छोटा – कनिष्ठ
- जो किये जाने या करने योग्य हो – करणीय
- कान का नीचे लटकता हुआ कोमल भाग – कर्णपाली
- इस प्रकार, विकल्प (c) सही है।



Copyright @ Sanskriti IAS

WWW.PDFNOTES.CO

Youtube CLUB IAS



**20. उत्तर : (a)**

**व्याख्या :**

- मुहावरा एक ऐसा पदबंध या वाक्यांश होता है जिसका अर्थ शाब्दिक न होकर विलक्षण होता है।
- मुहावरे में कम-से-कम दो शब्द होते हैं- प्राय: एक विशेषण और दूसरा संज्ञा, जैसे- अंधा कुआँ, सर खुजलाना, स्वर्ग सिधार जाना, सर पर सवार होना आदि।
- मुहावरे वाक्यांश होते हैं, इनका स्वतंत्र रूप से प्रयोग नहीं होता है।
- 'अन्न-जल उठ जाना' मुहावरे से तात्पर्य है- किसी जगह से चले जाना।
- इस प्रकार, विकल्प (a) सही है।

**21. उत्तर : (a)**

**व्याख्या :**

- पंचवर्ग के व्यंजन इन्हें 'स्पर्श व्यंजन' भी कहा जाता है क्योंकि ये मुख के विभिन्न अवयवों की सहायता/स्पर्श से बोले जाते हैं। इन्हें पाँच वर्गों में बाँटा जाता है, प्रत्येक वर्ग में पाँच-पाँच व्यंजन हैं जिनकी कुल संख्या '25' है, ये निम्नलिखित हैं -
  - क वर्ग - क ख ग घ ङ - कंठ्य (कंठ की सहायता से)
  - च वर्ग - च छ ज झ ञ - तालव्य (तालु की सहायता से)
  - ट वर्ग - ट ठ ड ढ ण - मूर्धन्य (जिह्वा पीछे मुड़ती है)
  - त वर्ग - त थ द ध न - दन्तव्य (दाँत की सहायता से)
  - प वर्ग - प फ ब भ म - ओष्ठ्य (होंठ की सहायता से)
- इस प्रकार, विकल्प (a) सही है।

**22. उत्तर : (b)**

**व्याख्या :**

- ध्वनि की मात्रा के आधार पर व्यंजनों को दो भागों में बाँटा जाता है -
  - **अघोष :** नाद-प्रयोग की दृष्टि से इनके उच्चारण में स्वर तंत्रियाँ अपेक्षाकृत कम झंकृत होती हैं, अर्थात् ध्वनि लगभग नगण्य होती है, केवल श्वास ही निकलती प्रतीत होती है।
    - क वर्ग से - क, ख
    - च वर्ग से - च, छ
    - ट वर्ग से - ट, ठ
    - त वर्ग से - त, थ
    - प वर्ग से - प, फ
    - श, ष तथा सभी अघोष व्यंजन माने जाते हैं।
  - **घोष अथवा सघोष :** नाद-प्रयोग की दृष्टि से इसमें स्वर तंत्रियाँ अधिक झंकृत होती हैं, श्वास झंकार के साथ निकलती प्रतीत होती है।
    - क वर्ग से - ग, घ, ङ
    - च वर्ग से- ज, झ, ञ
    - ट वर्ग से- ड, ढ, ण
- नासिका प्रयोग के आधार पर भी व्यंजनों को दो भागों में बाँटा जाता है-
  - **अनुनासिक व्यंजन :** ऐसे व्यंजन जिनका उच्चारण मुख तथा नासिका दोनों से होता है, अर्थात् श्वास मुख तथा नासिका दोनों से ज़ोर देकर प्रवाहित होती है, जैसे- ङ, ञ, ण, न, म।
  - **निरनुनासिक व्यंजन :** ऐसे व्यंजन जिनके उच्चारण में नासिका का प्रयोग नहीं होता, अर्थात् पूरी श्वास मुख से बाहर निकलती है, जैसे - क, च, ट इत्यादि।
- इस प्रकार, विकल्प (b) सही है।

**23. उत्तर : (a)**

**व्याख्या :**

- 'उज्ज्वल चरित्र के लिए मानसिक दृढ़ता आवश्यक है।' शुद्ध वाक्य है।
- **वाक्य :** कृपया कल घर पधारने की कृपा करें।
- **शुद्धि :** 'कृपया कल घर पधारें/कल घर पधारने की कृपा करें।'
- **वाक्य :** सच्चा मित्र जीवन में कोई एक ही विरल होता है।
- **शुद्धि :** सच्चा मित्र जीवन में कोई एक ही/विरला होता है।
- **वाक्य :** वृक्षों पर कोयल बोल रही है।
- **शुद्धि :** वृक्ष पर कोयल बोल रही है।
- इस प्रकार, विकल्प (a) सही है।

**24. उत्तर : (d)**

**व्याख्या :**

- 'मेरे को एक फूलों की माला चाहिए।' अशुद्ध वाक्य है जिसका शुद्ध रूप 'मुझे फूलों की एक माला चाहिए।' होगा।
- अन्य सभी शुद्ध वाक्य हैं।
- इस प्रकार, विकल्प (d) सही है।

**25. उत्तर : (d)**

**व्याख्या :**

- सही सुमेलन इस प्रकार है-

| **वाक्यांश** | | **एक शब्द** |
|---|---|---|
| इंद्र की पुरी | : | अमरावती |
| आम का बगीचा | : | अमराई |
| इतना जो कि पर्याप्त हो | : | इत्यलम् |
| बहुत अधिक धन होने पर भी कम खर्च करने वाला व्यक्ति | : | यक्षवित्त |

- इस प्रकार, विकल्प (d) सही है।



Copyright @ Sanskriti IAS

WWW.PDFNOTES.CO

संस्कृति IAS

**26. उत्तर : (c)**

**व्याख्या :**

- द्वन्द्व समास के दोनों पद प्रधान होते हैं। इस समास में संयोजक का प्रयोग होता है तथा 'और' शब्द का लोप हो जाता है। जैसे – राजा-रानी द्वन्द समास है जिसका अर्थ है- राजा और रानी।
- पूर्ण विराम (।) का प्रयोग प्रश्नसूचक और विस्मयादि- सूचक वाक्यों को छोड़कर बाकी सभी प्रकार के वाक्यों के अंत में किया जाता है।
- काकपद (^) वाक्य में जब कोई शब्द बीच में छूट जाता है तो इस चिह्न का प्रयोग करके छूटे हुए शब्द को लिखते हैं।
- अवतरण चिह्न एक वाला '..' का प्रयोग वाक्य में किसी शब्द पर ज़ोर देने के लिए किया जाता है। जैसे- तुलसीदास जी द्वारा रचित 'श्रीरामचरितमानस' प्रमुख कृति है।
- अवतरण चिन्ह दो वाला ".." का प्रयोग किसी के कहे गए वाक्य को ज्यों का त्यों लिखने के लिए किया जाता है। जैसे- कृष्ण ने राधा से कहा- "मैं तुम्हारी प्रतीक्षा करूंगा।"
- इस प्रकार, विकल्प (c) सही है।

**27. उत्तर : (a)**

**व्याख्या :**

- **तत्पुरुष समास** : जहाँ प्रथम पद गौण तथा उत्तर पद प्रधान होता है, वहाँ तत्पुरुष समास की स्थिति बनती है। तत् पुरुष, अर्थात् वह पुरुष/उत्तर पद की ओर संकेत होता है, जैसे- पर्णकुटी, यहाँ कुटी की विशेषता का ज़िक्र है, प्रथम पद 'पर्ण' मात्र उत्तर पद 'कुटी' के वैशिष्ट्य को ही निरूपित कर रहा है। अत: उत्तर पद प्रधानता के कारण यहाँ तत्पुरुष समास की स्थिति बनेगी।
- **द्विगु समास :** इसे कर्मधारय समास का ही उपभेद माना गया है क्योंकि इसमें भी पहला पद विशेषण (संख्यावाचक) ही होता है, यद्यपि समास में पहला पद संख्यावाचक विशेषण होता ही है, साथ ही पूरा समास समाहार (समूह/संगम) का बोध कराता है।
- **बहुव्रीहि समास :** इस समास में आए हुए पदों में से पहले या दूसरे किसी भी पद का अर्थ प्रधान नहीं होता, अर्थात् पूरा समस्त पद कोई अन्य ही अर्थ देता है।
- **द्वन्द्व समास** : इसके दोनों पद प्रधान होते हैं। इस समास में संयोजक का प्रयोग होता है तथा 'और' शब्द का लोप हो जाता है।
- इस प्रकार, विकल्प (a) सही है।

**28. उत्तर : (c)**

**व्याख्या :**

- **विवरण सूचक चिह्न ( :- )** : जब किसी पद की व्याख्या करनी हो या विस्तार से कुछ कहना हो तब इस चिह्न का प्रयोग किया जाता है।
- **अनुवृत्ति चिह्न ( " )** : जब एक ही शब्द बार-बार उस शब्द के नीचे लिखना होता है तो इस चिह्न का प्रयोग किया जाता है।
- **निर्देशक चिह्न ( – )** : इस चिह्न का प्रयोग स्पष्टीकरण तथा विवरण देने के लिए होता है।
- **अर्द्ध विराम चिह्न ( ; )** : जहाँ अपूर्ण विराम की अपेक्षा कम ठहराव होता है।
- **अल्प विराम चिह्न ( , )** : इसमें बहुत ही कम ठहराव होता है।
- **योजक चिह्न ( - )** : इस चिह्न को विभाजक या समास बोधक चिह्न भी कहते हैं। इसका प्रयोग प्राय: द्वन्द्व समास के बीच किया जाता है।
- **अपूर्ण विराम या उपविराम ( : )** : जब एक वाक्य समाप्त होने पर भी भाव समाप्त नहीं होता है वहाँ इसका प्रयोग किया जाता है। संवाद लेखन में भी इस चिह्न का प्रयोग होता है।
- इस प्रकार, विकल्प (c) सही है।

**29. उत्तर : (a)**

**व्याख्या :**

- **बिजली** : चंचला, चपला, विद्युत, सौदामिनी, दामिनी, बीजुरी, द्यनदान, क्षणप्रभा, क्षपा, पीतप्रभा, घनवल्ली, चम्पा, अशिन, कांचनवली, सारंग, कौंधा
- **फूल** : पुष्प, कुसुम, पुहुप, सुमन, लतांत, गुल, प्रसून
- **बाण** : तीर, शर, विशिख, आशुग, शिलिमुख, इषु, नाराच, सायक, तोमर, सारंग
- इस प्रकार, विकल्प (a) सही है।

**30. उत्तर : (d)**

**व्याख्या :**

- विलोम शब्दों का निर्धारण चार आधारों पर होता है–
  - विषम संदर्भता पर – प्रकाश-अंधकार
  - भौतिक संदर्भता पर – मोटा-पतला
  - विषम संरचनात्मकता पर – सुगम-दुर्गम
  - विषम घटकता पर – नर-नारी
- इस प्रकार, विकल्प (d) सही है।

**31. Answer : (c)**

**Explanation:**

- According to the given passage, the noise can be reduced by six decibels over a distance of 30 m by planting more trees and shrubs in the noise problem areas.
- Thus, option (c) is correct.



Copyright @ Sanskriti IAS
WWW.PDFNOTES.CO

Youtube CLUB IAS



**32. Answer : (d)**

**Explanation:**

- According to the given passage, trees must be planted densely to reduce the noise. Otherwise the noise will pass through the small gaps easily.
- Thus, option (d) is correct.

**33. Answer : (d)**

**Explanation:**

- According to the passage, the noise level can be reduced by 1.5 decibels with each additional 3 feet of tree height.
- Thus, option (d) is correct.

**34. Answer : (b)**

**Explanation:**

- According to the passage, shrubs and tall grass reduce the noise by absorbing the noise.
- Thus, option (b) is correct.

**35. Answer : (d)**

**Explanation:**

- The word 'foliage' in the passage means the leafy parts of a tree or plant.
- Thus, option (d) is correct.

**36. Answer : (c)**

**Explanation:**

- According to the passage, a good number of trees can reduce noise over a distance of 30 m.
- Thus, option (c) is correct.

**37. Answer : (b)**

**Explanation:**

- Here, the preposition 'in' is an appropriate word for the given blank, as the preposition 'in' is generally used for an enclosed space.
- Thus, option (b) is correct.

**38. Answer : (d)**

**Explanation:**

- Here the correct spelling is 'Aggressive'. The word 'Aggressive' means behaving or doing something in a forceful way.
- Thus, option (d) is correct.

**39. Answer : (a)**

**Explanation:**

- The underlined word 'sanguine' means positive or optimistic especially in a difficult or bad situation. So, the correct antonym will be 'pessimistic' which means having a gloomy, distrustful view of life or believing that the worst will happen.
- Thus, option (a) is correct.

**40. Answer : (c)**

**Explanation:**

- As the given sentence in the direct speech is a type of request so, the option (c) is the correct indirect speech of the given sentence.
- Correct indirect speech is → Anil requested his friend to turn off the switch.
- Thus, option (c) is correct.

**41. Answer : (c)**

**Explanation:**

- The given idiom ' Verbal diarrhea' means the quality or habit of talking too much. So, the option (c) expresses the correct meaning of given idiom.
- Thus, option (c) is correct.

**42. Answer : (b)**

**Explanation:**

- Given Active voice is → Who killed the cat?
- Correct Passive voice is → By whom was the cat killed?
- Thus, option (b) is correct.

**43. Answer : (c)**

**Explanation:**

- The preposition 'from' is oftenly used with the verb 'deter' to denote the idea of discouraging or preventing an action.
- Thus, option (c) is correct.

**44. Answer : (c)**

**Explanation:**

- The given idiom 'Costs an arm and a leg' means something that is very expensive. So, the option (c) expresses the correct meaning of given idiom.
- Thus, option (c) is correct.

**45. Answer : (b)**

**Explanation:**

- Here the underlined word 'meaningless ' is an adjective, as it is telling more about the noun (i.e. letters) in the given sentence.
- Thus, option (b) is correct.

WWW.PDFNOTES.CO



Copyright @ Sanskriti IAS

Youtube CLUB IAS

**46. Answer : (c)**

**Explanation:**

- One of the aspect of mob indulging in violence is that they get insane joy or mad delight in destruction for the sake of destruction only.
- Thus, option (c) is correct.

**47. Answer : (d)**

**Explanation:**

- The word 'demolition' in the passage means destruction or knocking down.
- Thus, option (d) is correct.

**48. Answer : (d)**

**Explanation:**

- The author calls our age or the modern age as curious because it is an age of contradictions consisting of destructive and constructive activities.
- Thus, option (d) is correct.

**49. Answer : (c)**

**Explanation:**

- As mentioned in the passage, it is condemnable to witness the attacks by students on embassies following a clash of policies of two official policy makers because they are overlooked by the policy planners or policy makers themselves.
- Thus, option (c) is correct.

**50. Answer : (c)**

**Explanation:**

- The synonym of the idiom 'hot headed' in the passage means having an impetuous or quick-tempered nature.
- Thus, option (c) is correct.

**51. Answer : (c)**

**Explanation:**

- Here the correct spelling is 'Assassination'. The word 'Assassination' means willful killing of a prominent person by a sudden, secret or planned attack.
- Thus, option (c) is correct.

**52. Answer : (d)**

**Explanation:**

- Here the underlined word 'himself' is possessive pronoun, which is for the noun (minister) in the given sentence.
- Thus, option (d) is correct.

**53.Answer : (b)**

**Explanation:**

- The correct option is - "Hurrah! We have won the match."
- Generally Exclamation mark is placed after an interjection or at the end of an exclamatory sentence.
- Thus, option (b) is correct.

**54. Answer : (d)**

**Explanation:**

- The given idiom ' a hot potato' means an issue which is disputed and catching the attention. So, the option (d) expresses the correct meaning of given idiom.
- Thus, option (d) is correct.

**55. Answer : (b)**

**Explanation:**

- Given Active voice is → The hunter killed the lion.
- Correct Passive voice is → The lion was killed by the hunter.
- Thus, option (b) is correct.

**56. Answer : (b)**

**Explanation:**

- A complex sentence is a sentence that contains one independent clause and one or more dependent clauses. It is joined by the subordinating conjunction.
- Complex sentence is → Unless you help her Tina can do nothing.
- Thus, option (b) is correct.

**57. Answer : (b)**

**Explanation:**

- A complex sentence is a sentence that contains one independent clause and one or more dependent clauses. It is joined by the subordinating conjunction. Here "That she had made the mistake' is a dependent clause and 'the girl readily admitted (it)' is an independent clause. The subordinating conjunction is that. Thus, it is a complex sentence.
- Thus, option (b) is correct.

**58. Answer : (a)**

**Explanation:**

- The correct sentence would be → Bhoolan is a one-eyed man.

WWW.PDFNOTES.CO



Copyright @ Sanskriti IAS

Youtube CLUB IAS

- Here the article 'a' will be used in the given sentence because here the pronunciation of the word following the article starts with 'va'.
- Thus, option (a) is correct.

**59. Answer : (a)**

**Explanation:**

- Correct indirect speech is → Sister asked me if I would help her in cleaning the garden.
- Thus, option (a) is correct.

**60. Answer : (c)**

**Explanation:**

- The correct option is → "Wow! That is great news."
- Generally Exclamation mark is placed after an interjection or at the end of an exclamatory sentence.
- Thus, option (c) is correct.

**61. उत्तर : (d)**

**व्याख्या :**

- **संप्रेषण कौशल के तत्त्व :** किसी सफल संचार कौशल में निहित तत्त्व हैं- आत्म-जागरूकता, प्रभावी श्रवण, प्रश्न पूछना, सहायता अथवा प्रोत्साहन, समानुभूति, दृढ़ता, उत्कृष्टता तथा विचार प्रोत्साहन।
- इस प्रकार, विकल्प (d) सही है।

**62. उत्तर : (b)**

**व्याख्या :**

- संप्रेषण की प्रक्रिया के अंतर्गत सर्वप्रथम प्रेषक द्वारा लिखित/मौखिक माध्यम का चयन करके सूचनाएँ भेजी जाती हैं जिसे कूटकरण कहते हैं तथा उन सूचनाओं के विकूटित रूप को प्रापक द्वारा प्राप्त किया जाता है और तब वह वापस प्रेषक को प्रतिपुष्टि भेजता है। इस प्रक्रिया में संचारित करने के लिए अंतर्वस्तु की आवश्यकता होती है जो कि औपचारिक अथवा अनौपचारिक हो सकती है।

प्रेषक —संदेश→ कूटकरण —संदेश→ माध्यम → विकूटीकरण → प्रापक → प्रतिपुष्टि

- इस प्रकार, विकल्प (b) सही है।

**63. उत्तर : (c)**

**व्याख्या :**

- **संप्रेषण प्रक्रिया :** प्रेषक तथा प्रापक के मध्य पूर्णरूप से एक सफल संचार की प्रक्रिया को 'प्रवीवा संप्रेषण प्रक्रिया या संचार प्रक्रिया' माना जाता है। प्रभावी संचार प्रक्रिया में निम्नलिखित प्रमुख कारक शामिल होते हैं-
  - **प्रेषक :** प्रेषक का आशय है' जो संदेश को प्रेषित करता है।
  - **संदेश :** संदेश अर्थात् प्रेषक द्वारा भेजा जाने वाला संदेश। यह मौखिक, लिखित रूप से हो सकता है।
  - **माध्यम :** माध्यम, अर्थात् प्रेषक द्वारा संदेश किस माध्यम या वाहक द्वारा प्रेषित किया जा रहा है, जैसे कि सीधा वार्तालाप, टेलीफोन, पत्र, मोबाइल मैसेज, चित्र इत्यादि।
  - **प्रापक :** प्रापक, अर्थात् जो प्रेषक के द्वारा किसी माध्यम द्वारा प्रेषित संदेश को प्राप्त करता है।
  - **अंतर्वस्तु :** संदेश में क्या निहित है। यह डाटा, लेख, आवाज़, रिपोर्ट आदि हो सकती है।
  - **प्रतिपुष्टि :** संदेश प्राप्त करने के पश्चात् प्रापक द्वारा दी गई प्रतिक्रिया। इसी से संप्रेषण की सफलता या विफलता निर्धारित होती है।
- इस प्रकार, विकल्प (c) सही है।

**64. उत्तर : (c)**

**व्याख्या :**

- प्रेषक तथा प्रापक के मध्य पूर्णरूप से एक सफल संचार की प्रक्रिया को 'प्रवीवा संप्रेषण प्रक्रिया या संचार प्रक्रिया' माना जाता है।
- प्रभावी संचार प्रक्रिया में निम्नलिखित प्रमुख कारक शामिल होते हैं-
  - प्रेषक
  - संदेश
  - माध्यम
  - प्रापक
  - अंतर्वस्तु
  - प्रतिपुष्टि
- जबकि शोर, परिवेश प्रभाव और मतांधता, संप्रेषण प्रक्रिया के लिए बाधक के रूप में कार्य करते हैं।
- इस प्रकार, विकल्प (c) सही है।

**65. उत्तर : (d)**

**व्याख्या :**

- **मौखिक संप्रेषण :** इसके लिए दोनों पक्षों का संवाद प्रेषण के समय उपस्थित होना आवश्यक है। मौखिक संप्रेषण में लिखित साक्ष्य का अभाव होता है। अत: यदि दोनों पक्षों में से कोई पक्ष अपनी स्थिति से विमुख हो जाए तो कोई वैधानिक या अन्य कार्यवाही करने में कठिनाई उत्पन्न हो जाएगी। मौखिक संप्रेषण में संवाददाता को संवाद के प्रेषण में प्राय: सोचने के लिए कम समय मिलता है।
- मौखिक संप्रेषण के साधन-
  - साक्षात्कार
  - भाषण
  - टेलीफोन/मोबाइल
  - टेलीशॉपिंग



Copyright @ Sanskriti IAS
WWW.PDFNOTES.CO

Youtube CLUB IAS



- संयुक्त विचार-विमर्श
- रेडियो
- सभाएँ तथा सम्मेलन
- वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग

- जबकि, संगठन अनुसूचियाँ लिखित संप्रेषण का साधन हैं।
- इस प्रकार, विकल्प (d) सही है।

**66. उत्तर : (a)**

**व्याख्या :**

- **लिखित संप्रेषण :** इसका अभिप्राय संवाददाता द्वारा किसी संवाद को लिखित रूप से प्रेषित करने से है। यह तब अधिक उपयोगी होता है जब वाद, वैधानिक प्रकृति का हो या संप्रेषण में आँकड़ों, सूचनाओं को संदर्भित किया जाता है। प्रायः औपचारिक संप्रेषण लिखित रूप में होता है। यह स्थायी प्रकृति का तथा विधिक मान्यता प्राप्त होता है।
- लिखित संप्रेषण के साधन–
  - बुलेटिन, हैण्डबुक्स एवं डायरियाँ
  - मैगज़ीन एवं समाचार-पत्र
  - सुझाव योजनाएँ
  - व्यापारिक पत्रिकाएँ
  - संगठन पुस्तिकाएँ
  - संगठन अनुसूचियाँ
  - नीति पुस्तिकाएँ
  - कार्यविधि पुस्तिकाएँ
- इस प्रकार, विकल्प (a) सही है।

**67. उत्तर : (c)**

**व्याख्या :**

- **संप्रेषण प्रवाह :** इससे आशय संप्रेषण क्रिया की दिशा से है जिसमें सूचना के आदान-प्रदान के लिए कुछ स्तर निर्धारित होते हैं। इनमें से अधिकांश औपचारिक प्रकार के होते हैं।
- संप्रेषण का प्रवाह निम्नलिखित पाँच तरीकों से होता है–
  - **नीचे की ओर :** किसी अधिकारी द्वारा अपने अधीनस्थ से किया गया संचार।
  - **ऊपर की ओर :** अधीनस्थ द्वारा अपने उच्चाधिकारी से किया गया संचार।
  - **क्षैतिज :** समान पद एवं अधिकारों वाले दो व्यक्तियों के मध्य होने वाला संचार।
  - **विकर्णीय :** किसी प्रबंधक द्वारा अन्य कार्य समूह के कर्मचारियों से किया जाने वाला संचार।
  - **बाह्य :** अनौपचारिक तरीके से कर्मचारियों द्वारा आपस में किया गया संचार।
- इस प्रकार, विकल्प (c) सही है।

**68. उत्तर : (b)**

**व्याख्या :**

- **संप्रेषण संजाल :** इससे आशय उस संजाल से है जिसके अंतर्गत दो या दो से अधिक व्यक्ति या माध्यमों के बीच वार्तालाप या संप्रेषण संपन्न होता है। यह संप्रेषण की प्रकृति के अनुसार अनेक प्रकार का हो सकता है।
- संप्रेषण संजाल के मुख्यतः पाँच प्रकार हैं–
  - **शृंखला संजाल :** जब दो व्यक्ति आपस में एक-दूसरे से संचार करते हैं और अंततः वे दोनों किसी एक व्यक्ति से संचार करते हैं तो इस केंद्रीय संचार को शृंखला संजाल कहते हैं।
  - **चक्रीय संजाल :** यह एक द्वि-स्तरीय अनुक्रम है जिसमें प्रत्येक सदस्य (व्यक्ति) किसी एक ही व्यक्ति से संचार करता है।
  - **Y-संजाल :** यह शृंखला संजाल के समान ही है, इसमें फर्क केवल इतना है कि यहाँ दो सदस्य शृंखला से बाहर जाकर भी संचार करते हैं।
  - **वृत्तीय संजाल :** यह एक त्रि-स्तरीय अनुक्रम है, साथ ही यह क्षैतिज एवं विकेंद्रित संचार का भी एक रूप है।
  - **सर्वमाध्यम संजाल :** यह वृत्तीय संजाल के समान है जहाँ सभी सदस्य एक-दूसरे के साथ स्वतंत्र रूप से संचार करते हैं।
- इस प्रकार, विकल्प (b) सही है।

**69. उत्तर : (a)**

**व्याख्या :**

- एक ज़िले में अपर ज़िलाधिकारी को अपने कर्मचारियों के अनुपयुक्त कार्य विधान को सुधारने हेतु एक संगठनात्मक संस्कृति उत्पन्न करनी होगी जिसमें कार्यकर्ता अपने-आप को जुड़ा महसूस करें।
- इस प्रकार, विकल्प (a) सही है।

**70. उत्तर : (d)**

**व्याख्या :**

- **मनोवैज्ञानिक सुरक्षा :** अचेतन की दमित इच्छाओं को अभिव्यक्त होने से रोकने के लिए व्यक्ति द्वारा मनोवैज्ञानिक सुरक्षा की युक्ति अपनाई जाती है।
- **मनोवैज्ञानिक सतर्कता :** इससे आशय किसी उद्दीपन पर एकाग्रचित्त होकर ध्यान लगाने की प्रक्रिया से है।
- **मनोवैज्ञानिक दृढ़ता :** यह व्यक्तित्व का एक महत्त्वपूर्ण शीलगुण है।
- **मनोवैज्ञानिक प्रतिघात :** यह मानवीय व्यवहार का एक रूप है जिसकी अभिव्यक्ति प्रायः तब होती है, जब व्यक्ति को ज़बरदस्ती कोई कार्य करने हेतु बाध्य किया जाता है या फिर उसके ऊपर किसी भी तरह का प्रतिबंध आरोपित किया जाता है।
- इस प्रकार, विकल्प (d) सही है।



Copyright @ Sanskriti IAS
WWW.PDFNOTES.CO

Youtube CLUB IAS



**71. उत्तर : (c)**

**व्याख्या :**

- कोई भी निर्णय लेने से पूर्व सच्चाई जान लेना आवश्यक है। इसके लिए सर्वप्रथम व्यक्ति के विरुद्ध की गई शिकायत की जाँच करेंगे। किसी भी कर्मचारी को मात्र शिकायत के आधार पर ही निलंबित या दंडित नहीं किया जा सकता।
- इस प्रकार, विकल्प (c) सही है।

**72. उत्तर : (b)**

**व्याख्या :**

- **अंतर्वैयक्तिक संबंध :** अंतर्वैयक्तिक संबंध दो या दो से अधिक लोगों के बीच ऐसा साहचर्य होता है जो क्षणिक या स्थायी हो सकता है। निकटस्थ संबंध बहुधा परिवार या दोस्तों के छोटे समूह में उपस्थित होते हैं। अंतर्वैयक्तिक संबंध सामाजिक, सांस्कृतिक और अन्य प्रभावों के संदर्भ में निर्मित होते हैं।
- अंतर्वैयक्तिक संबंधों के बाधक तत्त्व निम्नलिखित हैं –
  - ➤ **वर्जन/परिहार/टालमटोल :** व्यक्तियों में एक-दूसरे के प्रति उदासीनता उत्पन्न होने से अंतर्वैयक्तिक संबंधों पर गलत प्रभाव पड़ता है, ऐसे में लोग परस्पर मिलने से परहेज करने लगते हैं।
  - ➤ **असामंजस्य :** असामंजस्य की स्थिति में नकारात्मकता उत्पन्न होने लगती है जिसके कारण परस्पर आत्मीयता में कमी उत्पन्न हो जाती है और अंततः अंतर्वैयक्तिक संबंध अस्वास्थ्यकर रूप में परिणत हो जाते हैं।
  - ➤ **निष्ठा/अनुराग/प्रेम का अभाव :** निष्ठा न होने से प्रतिबद्धता में कमी आ जाती है तथा व्यक्ति एक दूसरे पर से विश्वास खोने लगते हैं और इसी कारण उनके बीच अंतर्वैयक्तिक संबंध की तीव्रता में अत्यधिक कमी आ जाती है।
  - ➤ **क्षमा भावना का अभाव :** क्षमा भावना से रहित व्यक्ति दूसरे व्यक्तियों से मधुर संबंध रखने में असमर्थ होते हैं और भविष्य में अंतर्वैयक्तिक संबंधों में क्षीणता का सामना करते हैं।
- इस प्रकार, विकल्प (b) सही है।

**73. उत्तर : (c)**

**व्याख्या :**

- अंतर्वैयक्तिक संबंधों के प्रमुख लक्षण निम्नलिखित हैं:
  - ➤ **सहानुभूति/परानुभूति :** इसके अंतर्गत व्यक्ति, दूसरे व्यक्ति के दृष्टिकोण से चीजों को समझने का प्रयास करता है और उसकी भावनाओं को समझने में दिलचस्पी लेता है।
  - ➤ **मानसिक प्रत्याशा/ उम्मीद :** जब अंतर्वैयक्तिक संबंधों का विकास होता है, तो एक-दूसरे से मानसिक प्रत्याशाएँ बढ़ती हैं। भागीदारों के मध्य समान प्रत्याशाएँ होनी चाहिए।
  - ➤ **अन्योन्याश्रयता/पारस्परिक निर्भरता :** अंतर्वैयक्तिक संबंध पारस्परिक निर्भरता को बढ़ावा देते हैं और ऐसे में यदि एक व्यक्ति के जीवन में चिंताएँ एवं परेशानियाँ आती हैं तो उससे संबंधित दूसरे व्यक्ति या व्यक्तियों को भी इनका आभास अवश्य होता है।
  - ➤ **आत्मप्रकटीकरण :** अंतर्वैयक्तिक संबंधों में व्यक्ति निजी जानकारियाँ दूसरे व्यक्तियों के साथ बाँटते हैं एवं उन पर विश्वास करते हैं।
- इस प्रकार, विकल्प (c) सही है।

**74. उत्तर : (a)**

**व्याख्या :**

- संगठन में संचार के तीन पहलू होते हैं-
  - ➤ **आंतरिक संप्रेषण :** यह संचार ऊपर की ओर, नीचे की ओर और आर-पार होता है।
  - ➤ **बाह्य संप्रेषण :** इस संचार का नाता संगठन और जनता के बीच संबंध से होता है।
  - ➤ **अंतर्वैयक्तिक संचार :** इसका सरोकार कर्मचारियों के बीच के संबंधों से होता है।
- जबकि अंतरा-वैयक्तिक संप्रेषण संगठन संप्रेषण के पक्षों में सम्मिलित नहीं है।
- इस प्रकार, विकल्प (a) सही है।

**75. उत्तर : (d)**

**व्याख्या :**

- **प्रभावी संचार की विशेषताएँ :** प्रत्येक व्यक्ति चाहे वह अधिकारी हो, अधीनस्थ कर्मचारी हो या फिर एक सामान्य नागरिक हो, किसी -न-किसी प्रवर संचार प्रक्रिया में भाग लेता है। किंतु संचार प्रभावी तभी होता है, जब यह निम्नलिखित सात विशेषताओं से युक्त होता है।
  - ➤ **संपूर्णता :** संचार संपूर्ण होना चाहिए, अर्थात् प्राप्तकर्ताओं द्वारा वांछित सभी तथ्यों को संप्रेषित करने की क्षमता होनी चाहिए।
  - ➤ **शुद्धता :** संचार में शुद्धता से तात्पर्य है कि संदेश में व्याकरण संबंधी त्रुटियाँ नहीं होनी चाहिए। संचार में शुद्धता से तात्पर्य यह भी है कि संदेश यथार्थ सत्य एवं सही समय पर होना चाहिए।
  - ➤ **ध्यान/चिंता :** प्रभावी संचार के लिए श्रोताओं के दृष्टिकोण, पृष्ठभूमि, शैक्षिक स्तर तथा मानसिकता का ध्यान रखा जाना चाहिए। श्रोताओं की भावनाओं तथा आत्मसम्मान को ठेस पहुँचाए बिना किया गया संचार अधिक प्रभावशाली सिद्ध हो सकता है।



Copyright @ Sanskriti IAS

WWW.PDFNOTES.CO

Youtube CLUB IAS

- **मूर्तता :** संचार में मूर्तता होनी चाहिए, अर्थात संचार सटीक एवं स्पष्ट हो तथा इसमें उचित शब्दों के प्रयोग के साथ-साथ इसका तथ्यों पर आधारित होना भी आवश्यक है। ऐसे मूर्त संचार का गलत अर्थ निकालना संभव नहीं होता है।
- **शालीनता :** संदेश में शालीनता का अर्थ है कि इसमें न केवल संप्रेषक के भावों की अभिव्यक्ति बल्कि इसमें प्राप्तकर्ता की भावनाओं एवं आत्मसम्मान का ध्यान रखे जाने का प्रदर्शन हो। संप्रेषक को विनम्र, विवेकपूर्ण, विचारशील एवं उत्साही होना चाहिए। शालीनतापूर्ण संदेश पक्षपात रहित एवं सकारात्मक होता है।
- **संक्षिप्तता :** संचार को संक्षिप्त होना चाहिए, किंतु इसके द्वारा दिया गया संदेश स्पष्ट हो जिससे कि उसमें किसी प्रकार की शंका की संभावना न रहे। संचार संक्षिप्त होने से समय और अन्य की बचत होती है।
- **स्पष्टता :** संचार में स्पष्टता होना अनिवार्य है। इसका आशय है कि संचार को एक समय में एक ही संदेश या लक्ष्य पर केंद्रित होना चाहिए, न कि एक-साथ अनेक लक्ष्यों पर। स्पष्ट तथा किसी एक निश्चित विषय से संबंधित संदेश को समझना आसान होता है।

- इस प्रकार, विकल्प (d) सही है।

**76. उत्तर : (b)**

**व्याख्या :**

- संदेश प्रवाह की दिशा के आधार पर संचार के निम्नलिखित भाग होते हैं-
  - **ऊर्ध्वगामी संचार :** जब किसी संगठन में अधीनस्थों द्वारा उच्चाधिकारियों को सूचना या संदेश भेजा जाता है तो यह ऊर्ध्वगामी संचार कहा जाता है। इस संचार की प्रकृति प्रायः प्रार्थनात्मक होती है। इस प्रकार के संचार के अंतर्गत मौखिक प्रार्थना, अनुमति मांगना, प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करना तथा योजना एवं बजट-निर्माण का प्रयोग होता है।
  - **अधोगामी संचार :** जब किसी संगठन के उच्चाधिकारी अपने अधीनस्थों तक सूचना या आदेश भेजते हैं तो यह अधोमुखी संचार कहलाता है। इस प्रकार के संचार की प्रकृति प्रायः आदेशात्मक होती है।
  - **समस्तरीय (क्षैतिजिक) या पार्श्व संचार :** इस प्रकार के संचार के अंतर्गत संगठन या पदसोपान क्रम में समान स्तरीय कार्मिक आपस में संचार करते हैं। यह संचार वरिष्ठ अधीनस्थ तथा उच्च-निम्न के दायरे से बाहर होता है। इस प्रकार के संचार में लिखित, मौखिक रिपोर्ट, समूह कार्य, समिति बैठक आदि विधियाँ प्रयोग की जाती हैं।
  - **विकर्ण संप्रेषण या संचार :** विकर्ण संचार से तात्पर्य उस संचार से है जिसके अंतर्गत कोई उच्चाधिकारी अपने विभाग से भिन्न अन्य विभाग के अधीनस्थ से संदेश का आदान-प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त, वर्तमान में नए प्रकार के संगठनों का निर्माण हो रहा है, जैसे- परियोजना आधारित संगठन, इनमें संचार आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु विकर्ण संचार की आवश्यकता पड़ती है।
- इस प्रकार, विकल्प (b) सही है।

**77. उत्तर : (a)**

**व्याख्या :**

- **अनौपचारिक संचार :** इस संगठन में जब कर्मचारियों के मध्य परस्पर संबंधों के आधार पर किसी प्रकार का संचार स्थापित हो जाता है, तो इस प्रकार के संचार को अनौपचारिक संचार कहते हैं। अनौपचारिक संचार एवं औपचारिक संचार में मुख्य अंतर वैधानिकता का होता है। औपचारिक संचार, संगठन द्वारा निर्धारित कुछ निश्चित नियमों अथवा ढाँचे के अंतर्गत ही किया जाता है और इनका उल्लंघन होने पर दांडिक कार्यवाही की जा सकती है। किसी भी औपचारिक संगठन में तीन प्रकार से संचार प्रवाहित होता है- अधो, ऊर्ध्व तथा समस्तरीय, जबकि अनौपचारिक संचार मित्र मंडली के मध्य होने वाला संचार है, जिसे वैधानिक स्थिति प्राप्त नहीं होती।
- अनौपचारिक या **अंगूरलता (Grapevine)** संचार के निम्नलिखित प्रकार होते हैं-
  - **गुच्छा शृंखला :** गुच्छा नेटवर्क वह सूचना नेटवर्क है जिसमें केंद्र में स्थित व्यक्ति कुछ चयनित व्यक्तियों को सूचना देते हैं और वे चयनित व्यक्ति कुछ अन्य चयनित व्यक्तियों को सूचना देते हैं। इस प्रकार, यह क्रम चलता रहता है।
  - **एकल छोर या सीधी शृंखला :** यह एक ऐसा सूचना नेटवर्क है जिसमें एक व्यक्ति के द्वारा दूसरे व्यक्ति को कोई संदेश दिया जाता है तथा वह किसी अन्य व्यक्ति को और यह शृंखला इसी प्रकार चलती रहती है।
  - **संभावना या प्रायिकता शृंखला :** प्रायिकता नेटवर्क वह अनौपचारिक सूचना नेटवर्क होता है जिसमें प्रत्येक व्यक्ति यादृच्छिक रूप से दूसरों को संदेश देते हैं, किंतु इस नेटवर्क में प्रत्येक व्यक्ति हेतु सूचना का स्रोत एक ही व्यक्ति न होकर भिन्न-भिन्न व्यक्ति होते हैं।
  - **गप्प मारना या स्टार शृंखला :** इस प्रकार के सूचना नेटवर्क में एक व्यक्ति संपूर्ण नेटवर्क के केंद्र में होता है तथा नेटवर्क में सभी सदस्य एक-दूसरे से अनौपचारिक रूप से संचार करते हैं।
- इस प्रकार, विकल्प (a) सही है।



Copyright @ Sanskriti IAS
WWW.PDFNOTES.CO

Youtube CLUB IAS



**78. उत्तर : (b)**

**व्याख्या :**

- सक्रिय श्रवण का प्रदर्शन मौखिक एवं गैर-मौखिक संकेतों द्वारा किया जा सकता है। यद्यपि, ये संकेत सभी स्थितियों एवं संस्कृतियों में उचित नहीं भी हो सकते हैं।
- सक्रिय श्रवण के प्रमुख गैर-मौखिक संकेतक हैं-
  - **अंग विन्यास :** संवाद के दौरान एक सक्रिय श्रोता या तो थोड़ा आगे की ओर झुका होता है या बगल की तरफ। इसके अतिरिक्त, यह भी संभव है कि संवाद के दौरान सक्रिय श्रोता का सिर थोड़ा तिरछा हो।
  - **मुस्कान :** मुस्कान यह प्रदर्शित करती है कि श्रोता ध्यान दे रहा है या श्रोता कही जा रही बात से सहमत है।
  - **आँखों के मध्य संपर्क :** वक्ता एवं श्रोता की आँखों के मध्य संपर्क स्थापित होने से बातो का उत्साह बढ़ता है, किंतु यदि यह संपर्क अधिक हो तो वक्ता हेतु यह असुविधाजनक हो जाता है। अतः श्रोता को इस संपर्क की उचित मात्रा पर ध्यान देना चाहिए।
  - **प्रतिबिंबन :** वक्ता द्वारा प्रदर्शित किसी मुखाकृति का श्रोता द्वारा स्वचालित प्रतिबिंबन सचेत श्रवण का संकेत है।
  - **विकर्षण :** सक्रिय श्रोता जल्दी विकर्षित नहीं होता और वह संवाद के दौरान बार-बार घड़ी देखना, अपने बालों को सही करना, उँगलियों से मेज़ थपथपाना या अपने नाखूनों को काटना जैसी क्रियाएँ नहीं करता।
- सक्रिय श्रवण के मौखिक संकेत निम्नलिखित हैं-
  - **स्मरण रखना :** वक्ता द्वारा कही जा रही कुछ बातों को अथवा वक्ता का नाम ही श्रोता द्वारा स्मरण कर लिया जाता है तो इससे वक्ता को यह ज्ञात हो जाता है कि उसके द्वारा भेजा गया संदेश प्राप्त हो गया है एवं समझ लिया गया है।
  - **पूछ-ताछ करना :** श्रोतागण कोई प्रासंगिक प्रश्न पूछकर या वक्ता द्वारा कही जा रही बात के संबंध में कोई कथन कहकर यह प्रदर्शित करते हैं कि वे किए जा रहे संवाद पर ध्यान दे रहे हैं।
  - **स्पष्टीकरण :** श्रोता द्वारा काम से प्रश्न पूछे जाते हैं, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उसके द्वारा संवाद सही रूप में समझा गया है।
  - **परावर्तन :** श्रोता द्वारा अपनी समझ को प्रदर्शित करने हेतु या उसकी संक्षिप्त व्याख्या करना परावर्तन कहलाता है।
  - **सकारात्मक प्रबलन :** संवाद के दौरान श्रोता द्वारा वक्ता को उत्साहित करने हेतु 'बहुत अच्छा', 'हाँ' या 'सही में' आदि शब्दों का प्रयोग किया जाता है।
- इस प्रकार, विकल्प (b) सही है।

**79. उत्तर : (a)**

**व्याख्या :**

- **गैर-मौखिक संचार :** संकेत-भाषा, क्रिया-भाषा तथा वस्तु-भाषा, ये तीन गैर -मौखिक संचार के रूप हैं। इसमें भावनात्मक पक्ष का सबसे ज्यादा महत्त्व होता है। कत्थक, कथकली, भरतनाट्यम इत्यादि नृत्य शैलियों में गैर-मौखिक संचार है।
- **मौखिक संचार :** संचारक द्वारा किसी भी सूचना या संदेश का मुख से उच्चारण कर उसे प्रापक तक पहुँचाना ही मौखिक संचार कहा जाता है। टेलीफोन, रेडियो, वार्तालाप, सेमिनार आदि मौखिक संचार के माध्यम हैं।
- इस प्रकार, विकल्प (a) सही है।

**80. उत्तर : (c)**

**व्याख्या :**

- किसी व्यक्ति से संवाद करते समय अपने शरीर के आगे किसी वस्तु, जैसे- चाय का कप, किताब, कंप्यूटर, हैंड बैग आदि को रखना या पकड़े रहना एक नकारात्मक भाव-भंगिमा मानी जाती है। यह किसी व्यक्ति द्वारा लज्जा या संकोच अथवा प्रतिरोध को प्रदर्शित करता है। अतः संवाद के दौरान वस्तुओं को अपने सामने रखने के स्थान पर उन्हें अपने बगल में रखने का प्रयास करना चाहिए।
- किसी व्यक्ति से संवाद करते समय अपनी घड़ी को देखना या अपने नाखूनों का निरीक्षण करना आपकी ऊब को दर्शाता है जो कि एक नकारात्मक हाव-भाव माना जाता है।
- किसी से बात करते समय यदि कोई व्यक्ति अपने कपड़े से रोआँ हटाता है तो इसका अर्थ दूसरा व्यक्ति किसी व्यक्ति द्वारा उसके विचारों से असहमति के रूप में लगाता है।
- किसी को देखते हुए ठुड्डी ठोंकने का अर्थ होता है कि वह व्यक्ति दूसरे के विषय में किसी निर्णय पर पहुँचने का प्रयास कर रहा है।
- जब कोई व्यक्ति दूसरे व्यक्ति को देखकर अपनी आँखों को सिकोड़ता या संकुचित करता है, तो इसका अर्थ है कि वह उस व्यक्ति को या उसके विचारों को नापसंद करता है।
- इस प्रकार, विकल्प (c) सही है।

**81. उत्तर : (b)**

**व्याख्या :**

| भाव-भंगिमाएँ | अर्थ/तात्पर्य |
|---|---|
| जेब में हाथ डालकर चलना | उदासी का द्योतक |
| पैर पर पैर चढ़ाकर बैठना | उचाट दिखने का द्योतक |
| छाती पर बाँह पर बाँह फंसाना | बचाव की मुद्रा |



Copyright @ Sanskriti IAS

WWW.PDFNOTES.CO

Youtube CLUB IAS

| | |
|---|---|
| गाल पर हाथ रखना | चिंता एवं सोचने का संकेतक |
| नाक को थोड़ा-थोड़ा छूना और रगड़ना | अस्वीकृति, शंका का द्योतक |
| त्योरी चढ़ाना | व्यक्ति या उसके कार्यों को नापसंद करने, उससे चिढ़ होने अथवा उस पर क्रुद्ध होने का संकेतक |

- इस प्रकार, विकल्प (b) सही है।

**82. उत्तर : (d)**

**व्याख्या :**

- विद्वान पीटर एफ. ड्रकर ने निर्णयन के पाँच चरण निर्धारित किए हैं-
  - समस्या का पता लगाना
  - समस्या का विश्लेषण करना
  - वैकल्पिक समाधानों का विकास करना
  - समस्याओं को सुलझाने हेतु सर्वोत्तम समाधान का चुनाव करना
  - निर्णय को प्रभावशाली ढंग से क्रियान्वित करना।
- सामान्यतया निर्णयन प्रक्रिया में निम्नलिखित चरणों को सम्मिलित किया जाता है-
  - समस्या या उद्देश्य का होना
  - समस्या की व्याख्या या विश्लेषण
  - समस्या समाधान हेतु विभिन्न विकल्पों की तलाश
  - प्रत्येक समाधान या विकल्प के परिणामों का मूल्यांकन जिसे छँटनी प्रक्रिया भी कहते हैं।
  - विभिन्न विकल्पों में से श्रेष्ठतम विकल्प का चयन
  - लिए गए निर्णय का क्रियान्वयन
  - प्रतिप्रेषण या प्रतिपुष्टि और नियंत्रण
- इस प्रकार, विकल्प (d) सही है।

**83. उत्तर : (c)**

**व्याख्या :**

- साइमन ने वर्ष 1960 में अपने निर्णय प्रक्रिया संबंधी सहायक तंत्रों को व्यक्त करने हेतु विवरण प्रस्तुत किया था जिसमें उन्होंने माना कि निर्णयन संबंधी प्रक्रिया के विभिन्न चरण होते हैं।
- साइमन द्वारा प्रस्तावित निर्णय लेने की क्रियाओं में सुझाए गए बिंदुओं में तीन महत्त्वपूर्ण बिंदु इस प्रकार हैं-
  - बुद्धिपूर्ण क्रिया
  - अभिकल्प क्रिया
  - चयन क्रिया
- तादात्मीकरण क्रिया साइमन के निर्णयन संबंधी प्रथम चरण बुद्धिपूर्ण क्रिया का ही भाग है।
- इस प्रकार, विकल्प (c) सही है।

**84. उत्तर : (d)**

**व्याख्या :**

- उपर्युक्त घटना घटित होने की स्थिति में घायल वृद्ध महिला को सर्वप्रथम उपचार हेतु अस्पताल ले जाना ही उचित होगा जिससे वृद्ध महिला के जीवन की रक्षा की जा सके।
- इस प्रकार, विकल्प (d) सही है।

**85. उत्तर : (b)**

**व्याख्या :**

- सामान्यतया निर्णयन प्रक्रिया में निम्नलिखित चरणों को सम्मिलित किया जाता है-
  - समस्या या उद्देश्य का होना
  - समस्या की व्याख्या या विश्लेषण
  - समस्या समाधान हेतु विभिन्न विकल्पों की तलाश
  - प्रत्येक समाधान या विकल्प के परिणामों का मूल्यांकन जिसे छँटनी प्रक्रिया भी कहते हैं।
  - विभिन्न विकल्पों में से श्रेष्ठतम विकल्प का चयन
  - लिए गए निर्णय का क्रियान्वयन
  - प्रतिप्रेषण या प्रतिपुष्टि और नियंत्रण
- इस प्रकार, विकल्प (b) सही है।

**86. उत्तर : (c)**

**व्याख्या :**

- समस्या समाधान एवं निर्णयन प्रक्रिया दोनों एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं।
- गर्बनर का छवि विकास सिद्धांत मास मीडिया के दीर्घकालीन प्रभाव को समझने के लिए है।
- इस प्रकार, विकल्प (c) सही है।

**87. उत्तर : (b)**

**व्याख्या :**

- अलबर्ट आइंस्टीन ने कहा- "अगर मेरे पास किसी समस्या के समाधान के लिए 60 मिनट हैं तो मैं 55 मिनट इसे परिभाषित करने में लगाऊंगा और 5 मिनट इसे हल करने में।"
- मास मीडिया के दीर्घकालीन प्रभाव को समझने के लिए छवि विकास सिद्धांत का प्रतिपादन गर्बनर ने किया।
- बाल रोकेक एवं डी. फ्लोयर का संबंध निर्भरता के सिद्धांत से है।



Copyright @ Sanskriti IAS
WWW.PDFNOTES.CO

Youtube CLUB IAS



- एलन सपोर्ता ने कहा कि समस्या से बचने का सर्वोत्तम तरीका है कि इसका समाधान कर दिया जाए।
- इस प्रकार, विकल्प (b) सही है।

**88. उत्तर : (b)**

**व्याख्या :**

- समस्या समाधान की प्रविधियाँ जिन्हें आप प्राय: उपयोग में लाते हैं
  - समस्या को पहचानना
  - समस्या का विश्लेषण करना
  - हल हेतु अनेक विकल्प ढूँढ़ना
  - सकारात्मक सोचना
  - तार्किक ढंग से विचार करना
  - कल्पनाशीलता विकसित करना
  - सर्वोत्तम परिणाम की दृश्यानुभूति करना
  - सर्वोत्तम विकल्प का चयन करना
  - समस्या समाधान करना
- समस्या समाधान के समय यह कदापि न करें
  - यह मेरी समस्या नहीं है
  - मुझसे न पूछें
  - अब क्या है?
  - समस्या के प्रति असावधानी
  - और समस्याएँ खड़ी करने वाला समाधान ढूँढ़ना
  - समाधान में ढुल-मुल रवैया अपनाना
  - ज़िम्मेदारी किसी अन्य पर डालना
- इस प्रकार, विकल्प (b) सही है।

**89. उत्तर : (c)**

**व्याख्या :**

- यदि इस प्रश्न पर ध्यान दें तो पता चलता है कि समस्या यह है कि आज पतंग उड़ाई जा सकती है या नहीं और इसके लिए प्रासंगिक जानकारी है- पतंग ठीक से उड़ाने के लिए हवा की चाल कम-से-कम 10 मील/घंटा होनी चाहिए। आज हवा की चाल 18 मील/घंटा है। यहाँ पतंग का मूल्य 15 रुपए है, यह जानकारी अप्रासंगिक है।
- इस प्रकार, विकल्प (c) सही है।

**90. उत्तर : (d)**

**व्याख्या :**

- समस्या समाधान में बाधाएँ वे मानसिक संरचनाएँ हैं जो हमारी समस्या समाधान की योग्यता में बाधा डालती हैं। ऐसी बाधाएँ लोगों को किसी समस्या का संभावित और सर्वोत्तम समाधान खोजने में अक्षम बनाती हैं।
- अनुसंधानकर्मों ने समस्या समाधान से संबद्ध पाँच सर्वाधिक प्रचलित कारकों की पहचान की है जो निम्नलिखित हैं-
  - पुष्टि पूर्वाग्रह
  - मानसिक अवस्था
  - कार्यात्मक जड़ता
  - अनावश्यक विवशताएँ
  - अप्रासंगिक जानकारी
- इस प्रकार, विकल्प (d) सही है।

**91. उत्तर : (b)**

**व्याख्या :**

- ऐसी परिस्थिति में आप अपनी बारी की प्रतीक्षा करेंगे और दूसरों को मीटिंग आगे बढ़ाने के लिए सूचना देंगे। हालाँकि, परिस्थिति की जटिलता को देखते हुए। आप अपनी बारी की प्रतीक्षा करेंगे और दूसरों को मीटिंग आगे बढ़ाने के लिए सूचना देंगे। यही बेहतर विकल्प होगा।
- इस प्रकार, विकल्प (b) सही है।

**92. उत्तर : (b)**

**व्याख्या :**

- मानव शरीर में उपस्थित ज्ञानेंद्रियाँ एवं कर्मेंद्रियाँ अंतर्वैयक्तिक संचार का मूल आधार हैं।
- भाषा को मानव में संचार का सबसे महत्त्वपूर्ण साधन माना जाता है।
- अत: अभिकथन और कारण पृथक-पृथक सही हैं, कारण, अभिकथन की सही व्याख्या नहीं करता है।
- इस प्रकार, विकल्प (b) सही है।

**93. उत्तर : (a)**

**व्याख्या :**

- **अंतर्वैयक्तिक संबंध :** अंतर्वैयक्तिक संबंध दो या दो से अधिक लोगों के बीच ऐसा साहचर्य होता है जो क्षणिक या स्थायी हो सकता है। निकटस्थ संबंध बहुधा परिवार या दोस्तों के छोटे समूह में उपस्थित होते हैं। अंतर्वैयक्तिक संबंध सामाजिक, सांस्कृतिक और अन्य प्रभावों के संदर्भ में निर्मित होते हैं। यह संदर्भ पारिवारिक संबंध, दोस्ती, विवाह, कार्य स्थल पर सहयोगियों के बीच संबंध, क्लब, पड़ोस आदि के अनुसार भिन्न हो सकता है।
- मनुष्य जन्म के समय से अपनी आधारभूत आवश्यकताओं, जैसे- भूख, प्यास, सुरक्षा आदि की पूर्ति हेतु अंतर्वैयक्तिक संबंधों पर निर्भर होता है। कालांतर में इन आवश्यकताओं में भावनात्मक एवं सामाजिक आवश्यकताएँ भी सम्मिलित हो जाती हैं जो मुख्यत: प्रशंसा, सम्मान,



Copyright @ Sanskriti IAS

WWW.PDFNOTES.CO

Youtube CLUB IAS

प्रेम तथा उपलब्धि आदि से संबंधित होती हैं। इस प्रकार, मनुष्य मुख्यत: अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु अंतर्वैयक्तिक संबंधों की स्थापना करते हैं। इस प्रकार, अंतर्वैयक्तिक संबंधों के स्वरूप में गतिशीलता बनी रहती है और वे निरंतर परिवर्तित होते रहते हैं। जीवित प्राणियों की तरह ही अंतर्वैयक्तिक संबंधों का प्रारंभ, जीवनकाल और अंत होता है। अत: अभिकथन और कारण दोनों सही हैं और कारण अभिकथन की सही व्याख्या करता है।

- इस प्रकार, विकल्प (a) सही है।

**94. उत्तर : (a)**

**व्याख्या :**

- किसी संगठन में अधिकार शक्ति का अर्थ है- निर्णय लेने की शक्ति, निर्णयों को अधीनस्थों को सूचित करने की शक्ति तथा संगठन में कार्यरत व्यक्तियों के व्यवहार-स्वरूप को प्रभावित करने की शक्ति।
- इस शक्ति के अंतर्गत अधीनस्थों को सामाजिक रूप से उत्तरदायी बनाने की शक्ति सम्मिलित नहीं है क्योंकि कोई भी संगठन कर्मचारियों के संगठन से बाहर के आचरण को नियंत्रित करने की शक्ति नहीं रखता।
- इस प्रकार, विकल्प (a) सही है।

**95. उत्तर : (b)**

**व्याख्या :**

- संचार, संगठन का एक महत्त्वपूर्ण सिद्धांत है और इसके उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए अनिवार्य है।
- गिलेट, संचार को किसी प्रशासनिक संगठन के रुधिर प्रवाह के रूप में देखते हैं जो संगठन के कार्यों को सुगम बनाता है।
- इस प्रकार, विकल्प (b) सही है।

**96. उत्तर : (b)**

**व्याख्या :**

- नृत्य अशाब्दिक संप्रेषण का अत्यंत परिष्कृत और कलात्मक स्वरूप है क्योंकि अशाब्दिक संप्रेषण को शारीरिक हाव-भाव एवं स्पर्श, शारीरिक भाषा व भाव-भंगिमा, चेहरे की अभिव्यक्ति, आँखों के संपर्क आदि से संप्रेषित किया जा सकता है।
- इसके अतिरिक्त वस्त्र, बालों की स्टाइल, प्रतीकों एवं चित्रों के माध्यम से भी संप्रेषण किया जा सकता है।
- नृत्य शारीरिक हाव-भाव, भाव-भंगिमा तथा चेहरे एवं आँखों की अभिव्यक्ति का कलात्मक स्वरूप है।
- इस प्रकार, विकल्प (b) सही है।

**97. उत्तर : (b)**

**व्याख्या :**

- सही सुमेलन इस प्रकार है-
  - परिपत्र भेजना : अधोगामी
  - लिपिक द्वारा पत्रावली में टिप्पणी लिखना : ऊर्ध्वगामी
  - पीठ थपथपाना : सांकेतिक
  - एक प्रबंधक द्वारा दूसरे प्रबंधक से वार्ता करना : समानांतर
- इस प्रकार, विकल्प (b) सही है।

**98. उत्तर : (d)**

**व्याख्या :**

- संप्रेषण किसी संगठन में निम्न दिशा में प्रेषित होते हैं- अधोगामी, ऊर्ध्वगामी, समतल, विकर्ण संप्रेषण, सर्वदिशात्मक संप्रेषण, इंट्रास्केलर संप्रेषण।
- विकर्ण संप्रेषण विभिन्न कार्यात्मक प्रभागों में कार्यरत कार्मिकों एवं प्रबंधकों के मध्य सीधे संप्रेषण को इंगित करता है।
- यह संप्रेषण ऊर्ध्वाधर एवं समानांतर संप्रेषण की कमियों को समाप्त करता है।
- विकर्ण संप्रेषण का प्रयोग बडे संगठनों के मैट्रिक्स या परियोजना आधारित संरचनाओं में अधिक किया जाता है।
- इस प्रकार, विकल्प (d) सही है।

**99. उत्तर : (a)**

**व्याख्या :**

- किसी संगठन में संचार विभिन्न भागों और सदस्यों के बीच सूचनाओं, अबोधनों तथा समझ का प्रवाह है क्योंकि संचार, आदेश के प्रबंध कार्य तथा श्रेणीबद्धता के संरचनात्मक सिद्धांतों में सम्मिलित होता है। अत: अभिकथन तथा कारण दोनों सही हैं और कारण अभिकथन की सही व्याख्या करता है।
- इस प्रकार, विकल्प (a) सही है।

**100. उत्तर : (c)**

**व्याख्या :**

- आप एक विकास खंड अधिकारी हैं। आपसे आर.टी.आई. (RTI) अधिनियम के अंतर्गत कुछ जानकारी मांगी गई है। आपको विश्वास है कि आप जानकारी मांगने वाले व्यक्ति को जानते हैं और आप आश्वस्त हैं कि जानकारी का दुरुपयोग किया जाएगा। फिर भी, सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत मांगी गई जानकारी का उत्तर देना आपकी ज़िम्मेदारी है। अत: आप जानकारी दे देंगे।
- इस प्रकार, विकल्प (c) सही है।



Copyright @ Sanskriti IAS

WWW.PDFNOTES.CO